दिनांक- 31.05.26 समय-07.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी  ने मन की बात कार्यक्रम में कहा- सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत।
- प्रदेष के रायसेन में कल से खेत बचाओ अभियान, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान करेंगे शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुजालपुर में 121 करोड से बने सांदीपनी विद्यालयों का किया  लोकार्पण।
- प्रदेष में आज आठ जिलों में तेज बारिश और ओलावश्टि का ऑरेंज अलर्ट।

-------------

पीएम - मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में छठी-सातवीं शताब्दी के पांडु वंश के महर्षि बलार्जुन से जुड़ी दुर्लभ तांबे की तीन प्लेटें भी मिली हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खगोल विज्ञान ने देश की हर पीढ़ी में जिज्ञासा जगाई है। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। श्री मोदी ने युवाओं से खगोल विज्ञान क्लब में शामिल होने और छुट्टियों के दौरान तारामंडल देखने की अपील की।

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड्स की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र भी

प्रधानमंत्री ने उत्तरप्रदेश के बस्ती के आकाश गुप्ता का जिक्र किया जिन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाँव की मनोरमा नदी को साफ किया। गोवा के सेवानिवृत्त शिक्षक बालकृष्ण अय्या की कहानी भी साझा की, जिन्होंने मद्दी-टोलाप क्षेत्र में जल-संकट के समाधान के लिए काम करना शुरू किया है।

शिवराज सिंह - खेत बचाओ अभियान

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान कल मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य उर्वरकों का संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग, मौसम संबंधी चुनौतियों को देखते हुए किसानों को समय पर सलाह देना, पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी और योजनाओं का लाभ सीधे गांवों तक पहुंचाना है।

इससे पहले, श्री चैहान ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अभियान को लेकर बात की। श्री सिंह ने केंद्रीय मंत्रियों और अन्य जन-प्रतिनिधियों से भी इस पहल में शामिल होने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों के साथ भी संवाद किया और जन भागीदारी के साथ अभियान को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

उत्तराखंड - केदारनाथ यात्रा स्थगित

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में कल रात से जारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।  जिला प्रशासन के अनुसार, मौसम में सुधार होने तक केदारनाथ यात्रा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु को आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस कर्मियों, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। आपात स्थिति के लिए आपातकालीन संचालन केन्द्र हेल्पलाइन नंबर- 89587-57335 और 82183-26386 पर संपर्क किया जा सकता है।

जनगणना

प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकान की गणना का फील्ड कार्य कल 30 मई को पूर्ण कर लिया गया है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल माध्यमों से संचालित की गई। राज्य में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 55 जिले, 425 नगरीय निकाय और 449 तहसीलों के अंतर्गत 54 हजार 923 ग्रामों में संपादित किया गया है। प्रदेष में इस अभियान के तहत एक लाख 37 हजार से भी अधिक मकान सूचीकरण ब्ला ॅकों में एक लाख 44 हजार से अधिक प्रकणकों द्वारा कार्य संपादित किया गया। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा। इस चरण में परिवार के सदस्यों से निर्धारित जानकारी एकत्र की जाएगी।

मुख्यमंत्री - शाजापुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शाजापुर जिले के शुजालपुर में 70 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले आयुर्वेदिक महाविद्यालय व चिकित्सालय का भूमिपूजन किया। उन्होंने 121 करोड़ 60 लाख रूपए की राशि के मां शारदा सांदीपनि विद्यालय-शुजालपुर, महाराणा प्रताप सांदीपनि विद्यालय-अकोदिया, मिहिर भोज सांदीपनि विद्यालय-सुन्दरसी और राजा भोज सांदीपनि विद्यालय-पोचानेर के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयुर्वेदिक उत्पादों और जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री यादव ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत प्रदेश सरकार कृषि, किसान और गांवों की समृद्धि के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने, दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने तथा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

नौसेना प्रमुख कार्यभार

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने आज 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी का स्थान लिया है। एडमिरल स्वामीनाथन ने बताया कि चुनौतीपूर्ण, जटिल और अनिश्चितताओं से भरे परिवेश को देखते हुए नौसेना सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि नौसेना का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे श्रेष्ठतम स्तर की युद्ध-क्षमता से लैस किया जाएगा।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन तंबाकू के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण वैश्विक पहल का हिस्सा है। इस वर्ष का विषय है- अपील का अनावरण - निकोटीन और तंबाकू की लत से निपटना। जबलपुर, सतना और खंडवा में जनजागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और शपथ कार्यक्रम आयोजित किये गए।

मौसम

प्रदेश में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी और लू की बजाय आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का असर देखने को मिल रहा है। आज सुबह कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। आज देवास, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, छतरपुर, कटनी, उमरिया और शहडोल जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई से 3 जून तक प्रदेश में आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

समाचार संक्षेप में:-

ऽ भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को आज वायुसेना के विमान से दिल्ली से मंगोलिया भेजा गया है। ऐसा भारतीय वायुसेना के मित्र देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत किया गया है।

ऽ कृषि महाविद्यालय खंडवा में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को विभिन्न जानकारी दी गई।

ऽ नीमच में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया कि अति गंभीर कुपोषित बच्चों के श्रेणी सुधार में जिला, प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

ऽ शिवपुरी में सात दिवसीय कृत्रिम अंग निर्माण और वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 215 दिव्यांगजनों को मौके पर ही जांच के बाद कृत्रिम हाथ, पैर और अन्य सहायक उपकरण तैयार कर वितरित किए गए।

-----------